बुधवार
30 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




वैदिक मंत्रोचार तथा मंगल गीतों के साथ हुआ प्रभु श्री राम का माता जानकी से विवाह संपन्न 3


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## खबरें फटाफट

### बीपीएससी की सीबीआई जांच हो : विजय सिन्हा

**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने बिहार लोक सेवा आयोग के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में उनसे मुलाकात की। सिन्हा ने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज की निन्दा की। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि उनकी मांग जायज है। परीक्षा रद्द होनी चाहिए और सिलेबस के अंदर के विषय से ही प्रश्न पूछे जाने चाहिए। सिन्हा ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग में व्याप्त, भ्रष्टाचार फर्जी कार्यकलाप एवं परीक्षा में धांधली को रोकने हेतु सीबीआई जांच होनी चाहिए।

### बेगूसराय में डेयरी व्यवसायी से 1.33 लाख रु. की लूट

**बेगूसराय।** बेगूसराय में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े लूट की एक बड़ी घटना को अंजाम देते हुए एक दुग्ध समिति संचालक से एक लाख तैंतीस हजार रुपए लूट लिए। घटना नगर थाना क्षेत्र के नाला रोड की है। पीड़ित की पहचान नीमा चांदपुरा थाना क्षेत्र के परना निवासी नंद कुमार के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि नंदकुमार परना दुग्ध समिति के सचिव हैं और किसानों का पैसा स्टेट बैंक की कृषि विकास शाखा से निकाल कर वापस अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में दो अपराधी उनकी बाइक में सट गए और जबरन डिक्की का ताला तोड़ रुपये लेकर फरार हो गए।

### अवैध कब्जे से मुक्त हुआ अशोक का शिलालेख

**डिहरी।** रोहतास के कैमूर पहाड़ी पर स्थित अशोक के शिलालेख को अवैध कब्जे से मुक्त करा दिया गया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों को मंगलवार को इसकी चाबी सौंप दी गई है। विभाग ने अपने अधिकारिक ट्वीटर हैंडल पर ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। बताया गया है कि सासाराम में सम्राट अशोक के लघु शिलालेख का लंबे समय तक अतिक्रमण किया गया था।

**कैबिनेट की बैठक:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में 31 एजेंडों पर लगी मुहर

# शराब-ताड़ी छोड़ दूसरे काम करने पर एक लाख रुपए देगी सरकार

**केटी न्यूज पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कुल 31 एजेंडों पर मुहर लगी। बिहार में बाल विकास योजना के तहत आंगनबाड़ी सेविका सहायिका चयन मार्गदर्शिका-022 की स्वीकृति दी गई। इस प्रावधान से सेविका-सहायिका बहाली में पारदर्शिता आने की संभावना है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि हर साल 15 दिसंबर को मनाई जाएगी। पटना में राजकीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। सतत जीविकोपार्जन के तहत शराब एवं ताड़ी छोड़कर दूसरे काम करने वाले संपूर्ण बिहार के गरीब परिवार के लोगों के लिए 6 अरब 10 करोड़ से योजना क्रियान्वित की जायेगी। गरीब परिवारों को जीविका के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण किया जायेगा। इस योजना के तहत शराब एवं ताड़ी के उत्पादन एवं बिक्री से जुड़े अत्यंत निर्धन परिवारों को एक लाख रुपए प्रति परिवार निवेश के लिए दि?ा जा?गा। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शराब एवं ताड़ी उत्पादन एवं बिक्री में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े निर्धन परिवार एवं अनुसूचित जाति जनजाति एवं अन्य समुदाय को इसका लाभ मिलेगा। सतत जीविकोपार्जन योजना से जोड़ने के बाद इन परिवारों को सामाजिक एवं आर्थिक बल मिलेगा। इसके लिए स्वयं सहायता समूह जीविका की मदद ली जायेगी। ग्रामीण विकास विभाग इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना बनायेगा। कैबिनेट बैठक में गृह मंत्रालय, भारत सरकार की प्रतिपूर्ति आधारित आतंकवाद, संप्रदाय के नक्सली हिंसा, सीमापार से गोलीबारी और बारूदी सुरंग विस्फोट से पीड़ित सिविल व्यक्तियों की सहायता के लिए अलग से केंद्रीय केंद्रीय योजना की संशोधित मार्गदर्शिका 2022 के प्रावधानों को बिहार राज्य में लागू करने की स्वीकृति दी गई है। पटना स्मार्ट सिटी योजना पर अनुमानित व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति 2776 करोड़ 16 लाख की जगह 982 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई।



### स्पेशल कोर्ट के लिए 72 पदों के सृजन को मंजूरी

मद्ध निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत 8 अतिरिक्त विशेष न्यायालय स्थापित किए जाने के लिए कुल 72 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। बिहार पुरातत्व एवं संग्रहालय सेवा संशोधन नियमावली 2022 के गठन की स्वीकृति दी गई है। बिहार अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए विभिन्न कोटि के 24 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। बिहारशरीफ में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्लस-टू आवासीय विद्यालय (720 सीट) के निर्माण के लिए 46 करोड़ 797000 की स्वीकृति दी गई है। औरंगाबाद के रफीगंज में शुल्क के आधार पर गैरमजरूआ मालिक जमीन डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया रेल मंत्रालय को हस्तांतरण किया गया है। बिहार सरकारी सेवक कंप्यूटर सक्षमता जांच परीक्षा नियमावली 2022 के गठन की स्वीकृति दी गई है। कोर्ट में बलात्कार एवं पोक्सो एक्ट के तहत केस के निष्पादन के लिए गठित किए जाने वाले 54 अनन्य विशेष न्यायालय के लिए कुल 432 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

### कई अधिकारी बर्खास्त

औरंगाबाद सदर अस्पताल के डॉ मृत्युंजय, हसपुरा रेफरल अस्पताल के चिकित्सक डॉ वीरेंद्र को अनुपस्थित रहने के आरोप में बर्खास्त किया गया है। पटना प्रमंडल के तत्कालीन क्षेत्रीय अपर निदेशक डॉ जनार्दन प्रसाद को शराब सेवन एवं गैर महिला को कमरे में रखने के जुर्म में सेवा से बर्खास्त किया गया है। तत्कालीन कर उपायुक्त खगड़िया अंचल शशिकांत चतुर्वेदी को रिश्वत लेने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया है।

# दुस्साहस... अरवल में युवक ने महिला और उसकी बेटी को जलाकर मार डाला

**छेड़खानी का विरोध करने पर घर में लगा दी आग, झुलसकर दोनों की मौत**

**केटी न्यूज पटना**

अरवल में छेड़खानी का विरोध करने पर एक युवक ने एक मां-बेटी को जिंदा जलाकर मार डाला। घटना परासी थाना क्षेत्र के चकिया गांव की है। यहां छेड़खानी का विरोध करना मां और बेटी को भारी पड़ गया। सोमवार की रात आरोपी ने दोनों मां-बेटी को कमरे में बंद कर उनके घर में आग लगी दी, जिससे दोनों की झुलसकर मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई है। एक साथ दो लोगों की हत्या के बाद गांव में तनाव का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार की देर रात दुष्कर्म की नीयत से घर में घुसे गांव के ही एक युवक ने विफल होने पर पेट्रोल छिड़ककर घर में आग लगा दी। घर में आग लगने से मां-बेटी गंभीर रूप से झुलस गईं। आग देख मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह उन्हें वहां से निकालकर सदर अस्पताल अरवल पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने दोनों को पीएमसीएच रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मृतक मां-बेटी की पहचान चकिया गांव निवासी अंजित पासवान की 32 वर्षीय पत्नी सुमन देवी और उसकी 7 साल की बेटी राधिका कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतका सुमन देवी का पति अंजित पासवान उर्फ जटा पासवान को पुलिस ने शराब के मामले में पकड़कर जेल भेज दिया था। गांव के ही गोपी महतो के बेटा नंद कुमार महतो अंजित पासवान की पत्नी पर बुरी नजर रखता था। अंजित के जेल जाते ही उसे मौका मिल गया। घर में सुमन देवी को अकेला पाकर हमेशा वह छेड़छाड़ किया करता था। जब वह विरोध जताती तो आरोपी उसे धमकाता था।

## समस्तीपुर में ज्वेलरी शॉप लूटने आए एक अपराधी को भीड़ ने मार डाला

**एजेंसी/समस्तीपुर**

समस्तीपुर में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप में लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान लूट का विरोध करने पर कई राउंड फायरिंग भी की। वहीं वारदात को अंजाम देकर भागने के दौरान चार अपराधियों को भीड़ ने पकड़ लिया। इसके बाद इनकी जमकर धुनाई की गई। इसमें एक की मौत हो गई, वहीं तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

मामला समस्तीपुर के ताजपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जहां दिनदहाड़े पांच की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने एक स्वर्ण व्यवसाय की दुकान में घुसकर लूटपाट का प्रयास किया। इस दौरान लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों ने फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में एक रेडीमेड दुकानदार जख्मी हो गया। मृतक की पहचान समस्तीपुर के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के रहने वाले अमन कुमार के रूप में की गई। वहीं घायलों में चांद संखनी दलसिंहसराय निवासी शुभम कुमार, हसनपुर निवासी चंदन कुमार और उजियारपुर निवासी अंशु राज के रूप में हुई है। वहीं कपड़ा दुकानदार की पहचान मोहम्मद अशरफ के रूप में हुई है। घायल दुकान का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## मसौढ़ी में एक चोर की ग्रामीणों ने पीट-पीटकर ले ली जान

**मसौढ़ी।** पटना से सटे मसौढ़ी में मॉब लिंचिंग का मामला सामने आया है। इसमें एक युवक की पीट-पीटकर ग्रामीणों ने हत्या कर दी। घटना मसौढ़ी थाना क्षेत्र के डोरी गांव का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि चोरी के उद्देश्य से एक घर में चार चोर घुस गए। जैसे इस बात की जानकारी लोगों को मिली। वे एकजुट हो गए और उन्होंने चोरों को खदेड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान तीन चोर भागने में सफल रहे। लेकिन एक चोर लोगों के हत्थे चढ़ गया। जिसकी पीट-पीटकर लोगों ने हत्या कर दी। घटना के बाद अफरा तफरी का माहौल हो गया।

**कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना**

## खड़गे बोले... मोदी को रावण की तरह 100 मुख हैं क्या?

**एजेंसी अहमदाबाद**

गुजरात में होनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए उनकी तुलना रावण से कर दी। खड़गे ने कहा, पीएम मोदी हर वक्त अपनी बात करते हैं। हर मुद्दे पर कहते हैं कि मोदी की सूरत को देखकर वोट दें। खड़गे ने सवाल किया, आपकी सूरत कितनी बार देखें। पार्षद चुनाव में आपकी सूरत देखें, विधानसभा चुनाव में भी आपकी सूरत देखें, लोकसभा चुनाव में भी आपकी सूरत देखें। हर जगह आपका ही चेहरा देखें, कितने चेहरे हैं आपके, क्या आपके रावण की तरह 100 मुख हैं?

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी काम पर कुछ नहीं बोलते। बीजेपी में सिर्फ जुमले हैं। ये जुमले ऐसे बोलते हैं कि झूठ के ऊपर झूठ। ये सिर्फ झूठ बोलते हैं। कहते थे सालाना 2 करोड़ रोजगार देंगे। क्या गुजरात में किसी को रोजगार मिला? खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी को उद्घाटन करने की आदत है। कोई भी चीज किसी ने तैयार की हो, उसमें चूना लगाकर, कलर लगाकर उद्घाटन करते हैं। फिर कहते हैं कि ये मेरा है।

## 57 दिन बाद राजद कार्यालय पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह

**पटना।** नाराजगी के कारण पार्टी से दूरी बनानेवाले राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह मंगलवार को 57 दिन बाद राजद कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सुरक्षाकर्मियों को खास हिदायत दे दी कि उनके कमरे में किसी को आने नहीं देना। जगदानंद सिंह की नाराजगी दूर होने पर तेजस्वी यादव ने मुस्कुराते हुए कहा कि जगदा बाबू हम लोग से कभी अलग ही नहीं हुए थे। तेजस्वी ने दफ्तर में कुढ़नी उपचुनाव की रणनीतियों पर भी चर्चा की। बुधवार को कुढ़नी में जेडीयू उम्मीदवार मनोज कुशवाहा के लिए तेजस्वी की तीन सभाएं हैं जिसमें ललन सिंह, मांझी समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे। वहीं जगदानंद सिंह को लेकर एक सवाल पर तेजस्वी तिलमिला भी गए और गुस्से में जवाब दिया।






**बक्सर पहुंचे बीजेपी नेता व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने किया बड़ा एलान, बोले...**

# बिहार में सरकार बनी तो बनेगा जनसंख्या नियंत्रण कानून

- नीतीश कुमार गंगा जल पहुचाने का वादा कर कुर्सी पर बने रहना चाहते हैं

**केटी न्यूज बक्सर**

बीजेपी के दिग्गज नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर मंगलवार बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि बिहार में बीजेपी की सरकार बनी तो सरकार जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाएगी। सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए बीजेपी नेता ने कहा कि हर घर शराब पहुंचाने के बाद अब गंगा जल पहुंचाकर मुख्यमंत्री प्रायश्चित करना चाहते हैं। एक दिवसीय दौरे पर बक्सर पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हर घर नल का जल पहुंचाने का सपना दिखाकर नीतीश कुमार ने कुर्सी प्राप्त की, वैसे ही अब गंगा जल पहुचाने का वादा कर कुर्सी पर बने रहना चाहते हैं। गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि वे सर्वे करा लें हर घर नल का जल का पता चल जाएगा। राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा पर उन्होंने कहा कि यह भारत जोड़ो यात्रा नही है।बल्कि टुकड़े टुकड़े गैंग जोड़ो यात्रा कर रहे हैं।



## गिरिराज सिंह ने पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय को दी श्रद्धांजलि

**गाजीपुर/मुहम्मदाबाद।** पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय के 17वें शहादत दिवस पर मंगलवार को शहीद पार्क मुहम्मदाबाद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें पहुंचे केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि 29 नवंबर 2005 को माफियाओं के खिलाफ लड़ाई में शहीद विधायक स्व. कृष्णानंद राय के साथ शहीद हुए सातों साथियों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब सभी लोग एकजुट होकर राजनीतिक लड़ाई में इन्हें परास्त करें नहीं तो इनका मन बढ़ता रहेगा।

केशव टाइम्स

बक्सर, 30 नवम्बर 2022

शाहाबाद

website : keshavtimes.com

e-mail:keshavtime@gmail.com

2


## खबरें फटाफट

### बाइक सवार दो दोस्त सड़क हादसे में जख्मी

**आरा।** जिले के नवादा थाना क्षेत्र के प्राइवेट बस स्टैंड स्थित न्यू ओवरब्रिज पर मंगलवार की शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गये, जिनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में बक्सर जिला के नावानगर थाना क्षेत्र के गिरिधर बरांव गांव निवासी विरेंद्र यादव का 17 वर्षीय पुत्र विकास कुमार और अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के पिटरो गांव निवासी सुमेश्वर पाल का 16 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार शामिल है। वह दोनों नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ले में किराये का मकान में रहकर पढ़ाई करते हैं। अंकुश कुमार ने बताया कि वह दोनों बुधवार की शाम ट्यूशन पढ़ने बाइक से धरहरा की ओर जा रहे थे। उसी दौरान प्राइवेट बस स्टैंड स्थित न्यू ओवरब्रिज पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। उससे दोनों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

### सात लाख नगद और जेवर समेत लाखों की चोरी

**आरा।** शहर में नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड स्थित शिवपुरी मोहल्ले में चोरी की भीषण वारदात हुई है। इस दौरान एक घर से सात लाख रुपए नगद और लाखों के जेवर की चोरी कर ली गयी है। बगल में बन रहे घर के रास्ते घुसे चोर ग्रिल तोड़कर जेवर और नगदी ले उड़े। घटना रविवार की रात करीब बारह बजे की है। चोरी की यह वारदात समुंद्रा महेश सिंह के घर हुई है। घटना के दिन उनका परिवार रिश्तेदार के घर शादी में अरवल गया था। इसे लेकर गृहस्वामिनी की ओर से नवादा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें कहा गया है कि 25 नवंबर को वह परिवार के साथ शादी समारोह में भाग लेने अरवल के बदराबाद गयी थी। 28 नवंबर की दोपहर उनकी बहन का बेटा उनके घर गया, तो देखा कि पहले तल्ले के पश्चिमी साइड के कमरे का ताला टूटा है और सारा सामान बिखरा हुआ है। उसकी सूचना मिलने पर वह भी पहुंची और चेक करने लगी। कमरे में रखे बक्से को चेक किया तो ,पता चला कि बेटी की शादी के लिए खरीदे गये जेवर सहित नौ लाख के जेवर और सात लाख रुपए नगद की चोरी की गयी है।

### जमीनी विवाद में चली गोली, एक व्यक्ति घायल

**सासाराम।** जिले के चवरी गांव में मंगलवार आपसी बंटवारा को लेकर चाचा द्वारा भतीजे को गोली मारने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार चवरी गांव के सीताराम सिंह का अपने भाईयों के साथ बंटवारे को लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। मंगलवार को दोनों पक्षों में विवाद हो गया, जो मारपीट में बदल गया, तभी किसी ने गोली चला दी, गोली सीताराम सिंह के बेटे अभिषेक सिंह को लग गई। परिजन अभिषेक को आनन-फानन में पीएचसी, कोचस ले गए। जहां से उसे प्राथमिक चिकित्सा के बाद सदर अस्पताल, सासाराम रेफर कर दिया गया। यहां से उसे बनारस रेफर कर दिया गया।

# परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ने से ही संभव होगा जनसंख्या स्थिरीकरण

- सदर प्रखंड में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा अंतर्गत परिवार नियोजन मेले का हुआ शुभारंभ
- चार दिसंबर तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का होगा संचालन
- पुरुष निभायेंगे जिम्मेदारी, परिवार नियोजन अपनाकर दिखायेंगे भागीदारी थीम पर चलाया जाएगा अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर**



नियोजन मेले में शामिल एमओआईसी व अन्य स्वास्थ्य कर्मी

आज पूरे विश्व की जनसंख्या आठ मिलियन से अधिक हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1.4 बिलियन से अधिक लोग रहते हैं। यह संख्या भारत को दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश बनाता है। जनसंख्या बढ़ोत्तरी आज की एक गंभीर समस्या बन चुकी है। ऐसे में सरकार और स्वास्थ्य विभाग जनसंख्या स्थिरीकरण के अंतर्गत परिवार नियोजन को बढ़ावा दे रही है। जिसमें हम सभी को आगे आकर सरकार और विभाग का साथ देना होगा। उक्त बातें सदर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुधीर कुमार ने सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित परिवार नियोजन मेले के उद्घाटन के दौरान कहीं। डॉ. सुधीर कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन की दिशा में केवल महिलाएं ही आगे रही हैं। लेकिन, लोगों को यह समझना होगा कि परिवार केवल महिलाओं से नहीं चलता। उसमें पुरुषों की भी भागीदारी होती है। ठीक उसी प्रकार परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ने से ही जनसंख्या स्थिरीकरण का उद्देश्य पूरा होगा।

### किसी भी किस्म की नहीं आती शारीरिक कमजोरी

परिवार नियोजन के लिए पुरुषों को ही आगे आना चाहिए। पुरुषों की शारीरिक संरचना महिलाओं की अपेक्षा अधिक सरल होती है। पुरुषों के लिए नसबंदी एक मामूली ऑपरेशन है। जिस दौरान कोई चीर फाड़ नहीं की जाती और न ही कोई टांका लगाया जाता है। ऑपरेशन से एक घंटे बाद आदमी घर जा सकता है और 72 घंटे बाद व्यक्ति अपना रोजमर्रा का कामकाज आम दिनों की तरह कर सकता। नसबंदी ऑपरेशन के बाद किसी भी किस्म की शारीरिक कमजोरी नहीं आती, यह सिर्फ वहम हैं। यह महिलाओं के बंध्याकरण ऑपरेशन के मुकाबले हर पक्ष से अपनाना आसान है। ऑपरेशन करवाने वाले व्यक्ति की उम्र 60 साल से कम होनी चाहिए। व्यक्ति शादीशुदा होना चाहिए और एक बच्चा होना जरूरी है।

**नियोजन के स्थायी साधनों के प्रति किया जाएगा उत्प्रेरित :** परिवार नियोजन के संबंध में बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह ने बताया, इस वर्ष ₹अब पुरुष निभायेंगे जिम्मेदारी, परिवार नियोजन अपनाकर दिखायेंगे भागीदारी₹ थीम पर मिशन परिवार विकास एवं पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में 14 से 20 नवंबर तक दंपति संपर्क पखवाड़ा का संचालन किया गया। वहीं, 21 नवंबर से चार दिसंबर तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का संचालन होगा। इस दौरान परिवार कल्याण ऑपरेशन में पुरुष नसबंदी तथा महिला बंध्याकरण ऑपरेशन किया जायेगा। लभार्थी को एएनएम, आशा, सेविका, जीविका दीदी व विकासमित्र द्वारा उत्तप्रेरित किया जायेगा। जिसमें पुरुष नसबंदी हेतु लभार्थी को 3000 रुपए उत्तप्रेरक को 400 रुपए दिए जाते हैं। महिला बंध्याकरण आपरेशन में लभार्थी को 2000 रुपए व उत्तप्रेरक को 300 रुपए दिए जाते हैं।

### शाहपुर के मंटू सोनार हत्याकांड: शूटरों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

# नपं के पूर्व चेयरमैन की हत्या के 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली, नहीं मिला ठोस सुराग

- बिहिया चौरस्ता की ओर से आए, हत्या की और फिर उसी रास्ते भाग निकले

**केटी न्यूज/आरा**



जिले की शाहपुर नगर पंचायत के पूर्व मुख्य पार्षद वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू सोनार को महज पांच सेकंड में पांच गोलियां दागी गयी थी। लाल टोपी और पीले रंग की टीशर्ट पहने शूटर द्वारा पूर्व चेयरमैन को गोलियां मारी थी। उसका साथी पल्सर 220 बाइक के साथ बाहर खड़ा था। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों शूटर बिहिया चौरस्ता होते भाग निकले थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे दोनों उसी रास्ते शाहपुर पहुंचे थे। हत्या की तफ्तीश में जुटी पुलिस को सीसीटीवी फुटेज के जरिए यह क्लू हाथ लग है। उस आधार पर पुलिस टीम शूटरों की पहचान और धरपकड़ में जुट गयी है। उसे लेकर शाहपुर से आरा सहित जिले के बाहर तक छापेमारी चल रही है। हत्या में इस्तेमाल बाइक जरिए भी पुलिस दोनों शूटरों तक पहुंचने में जुटी है।

बताया जा रहा है कि बाइक की पहचान कर ली गयी है। हालांकि हत्या के करीब 48 घंटे बाद भी पुलिस को शूटरों का ठोस सुराग नहीं मिल सका है। इधर, सूत्रों के अनुसार रविवार की दोपहर करीब 1.36 मिनट पर दोनों शूटरों को सीसीटीवी फुटेज में दोनों शूटरों को शाहपुर नगर से ठीक पहले स्थित पंप पर पेट्रोल लेते देखा गया था। पेट्रोल लेने के बाद दोनों पूर्व चेयरमैन के आवास के सामने होटल पहुंचे। वहां एक शूटर होटल में पहुंचता है, जबकि दूसरा बाइक लेकर बाहर रह जाता है। करीब दो बजकर 9 मिनट पर पूर्व चेयरमैन की हत्या कर दी जाती है।

सूत्रों के अनुसार शूटर द्वारा महज पांच सेकंड में पांच गोलियां पूर्व चेयरमैन पर दाग दिया जाता है। इधर, दोनों शूटरों के बिहिया चौरस्ता की ओर से आते-जाते देखे जाने के बाद सुपारी देकर शाहपुर से बाहर के अपराधियों को हायर किये जाने की आशंका जतायी जा रही है। बता दें कि हत्या के बाद मामले का खुलासा और अपराधियों की गिरफ्तारी को एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से विशेष टीम गठित की गयी है। जगदीशपुर डीएसपी राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में डीआईयू भी शामिल है।

### पुलिस की ठोस कार्रवाई के आश्वासन के बाद अंतिम संस्कार को राजी हुए परिजन

शाहपुर नपं के पूर्व चेयरमैन वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू सोनार की हत्या के करीब 42 घंटा बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस द्वारा कार्रवाई का ठोस आश्वासन दिये जाने के बाद ही परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। उसके बाद मंगलवार की सुबह शव का अंतिम संस्कार किया गया। इससे जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह, बिहिया इंस्पेक्टर दयानंद प्रसाद व शाहपुर थानाध्यक्ष नित्यानंद शर्मा सहित अन्य अफसरों द्वारा परिजनों को काफी समझाया गया। साथ ही उनकी सभी मांगों को पूरा करने का भरोसा भी दिलाया गया। इधर, प्रशासन की ओर से पूर्व मुख्य पार्षद के घर पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है। ताकि उनके घर व जानमाल की सुरक्षा हो सके।

### पुलिस-प्रशासन के समक्ष रखी गयी थी तीन मुख्य मांगें

पूर्व चेयरमैन पार्षद के परिजनों की ओर से पुलिस-प्रशासन के समक्ष तीन मुख्य मांगें रखी गयी थी। उसमें स्थायी अंगरक्षक, परिवार की जानमाल की रक्षा के लिए हथियार का लाइसेंस और आरोपितों की गिरफ्तारी या उनके घरों की कुर्की-जब्ती की मांग शामिल हैं। गौरतलब हो कि सोमवार दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने अपने घर के समीप होटल में बैठे पूर्व मुख्य पार्षद वशिष्ठ प्रसाद को गोली मार हत्या कर दी थी। उसे लेकर 13 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपितों की धरपकड़ को छापेमारी की जा रही है।

## एक नजर

### नगर निकायों के वार्डों में झाड़ू लगाने के पूर्व पानी का करें छिड़काव : जिलाधिकारी

**जहानाबाद।** राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, बिहार, पटना के निदेर्शानुसार ठंड के मौसम में परिवेशीय वायु गुणवत्ता में ह्रास एवं इसमें सुधार हेतु जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा द्वारा बताया गया कि ठंड के मौसम में इनवर्शन क्रिया के कारण उच्चतर वाली ठंडी हवा का स्तर नीचे आ जाती है, जिस कारण मिक्सिंग हाइट कम हो जाती है एवं प्रदूषक तत्व इसके अंदर फंस जाते हैं। जिससे इनकी मात्रा बढ़ जाती है और वायु की गुणवत्ता में ह्रास होता है। अतः पर्यावरण की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कुछ उपाय अथवा कदम बताए गए हैं। जिसे कराया जाना आवश्यक है। उक्त के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद एवं नगर पंचायत को निर्देश दिया गया कि सड़कों की सफाई प्रातःकाल सुनिश्चित करते हुए झाड़ू मारने के पूर्व जल छिड़काव की व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्रवाई कर सकते हैं। इसके साथ ही खुले में जैविक पदार्थ, प्लास्टिक, ठोस अपशिष्ट के ढेर, लकड़ी, कचरा इत्यादि के जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध संबंधित आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

### सड़क पार करने के दौरान बाइक सवार ने मारी ठोकर, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**आरा।** जिले के नगर थाना क्षेत्र के मोती टोला के समीप आरा-पटना बाइपास पर सोमवार की देर शाम बाइक की ठोकर से एक राजमिस्त्री की मौत हो गयी। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी 71 वर्षीय श्याम लाल रवानी थे। इधर, राजमिस्त्री के साथ रहे सुरेंद्र राय ने बताया कि सोमवार को दोनों मोती टोला स्थित आरा मिल के समीप काम करने आये थे। देर शाम काम खतम होने के बाद घर जाने के लिए गाड़ी पकड़ने सड़क पर पहुंचे थे। उसी बीच श्याम लाल रवानी को लघुशंका लग गयी। उसे लेकर वह सड़क पार कर एक ओर से दूसरी ओर जा रहे थे। उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर परिजन भी आरा सदर अस्पताल पहुंचे। इस बीच देर रात इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना पर टाउन थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, राजमिस्त्री की मौत से उनके घर में कोहराम मचा है। उनके परिवार में पत्नी इनर देवी, पुत्री मंजू, अतिसुंदर, हीराझारी, पुत्र धर्मेंद्र और सत्येंद्र है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। पत्नी सहित और बाल-बच्चों समेत परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### हत्या के प्रयास मामले में वांक्षित को पुलिस ने उसके बेटे संग हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**आरा।** जिले के चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में पुलिस द्वारा सोमवार की रात छापेमारी कर हथियार के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया। इनमें सलेमपुर गांव निवासी राम अवधेश सिंह और उसके पुत्र अमित सिंह हैं। इनके पास से एक देसी कट्टा भी बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार के अनुसार सलेमपुर गांव निवासी राम अवधेश सिंह हत्या के प्रयास के मामले में वांटेड था। सोमवार की रात सूचना मिली कि वह गांव के बाहर अपने घर में है। सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी। उस समय दोनों पिता-पुत्र देसी कट्टा के साथ सो रहे थे। उसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। हथियार बरामदगी को लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोनों को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष के मुताबिक राम अवधेश सिंह का एक पुत्र टुनटुन यादव भी कुख्यात अपराधी है?। पिछले बीस नवंबर को ही उसे लूटकांड में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।? टुनटुन यादव अपना गिरोह संचालित करता है। उसका आपराधिक रेकॉर्ड काफी लंबा है। उसके द्वारा इस साल अबतक लूट की सात घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है। अगस्त से अक्टूबर के बीच उसने सीरियल लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। ताबड़तोड़ पांच घटनाओं को अंजाम देकर जिले भर में सनसनी मचा दी थी। थानाध्यक्ष के अनुसार राम अवधेश सिंह का एक अन्य पुत्र पप्पू यादव भी लूट कांड में जेल जा चुका है।

## मां भवानी मंदिर में संपन्न हुआ अखंड हरकीर्तन

- संकीर्तन में विभिन्न कीर्तन मंडलियों द्वारा बारी-बारी से श्रद्धालुओं को कराया जा रहा था हरिनाम का रसपान

**केटी न्यूज/केसठ**



फोटो- भवानी मंदिर में संकीर्तन करते श्रद्धालु

केसठ प्रखंड के प्राचीन मां भवानी मंदिर प्रांगण में सोमवार से चल रहे 24 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन मंगलवार को सम्पन्न हो गया। जिसका नेतृत्व मध्य बिहार ग्रामीण बैंक के कर्मचारी ललन प्रसाद ने किया। कीर्तन का शुभारंभ विधिवत पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया था।

कीर्तन गाने के लिए क्षेत्र के रघुनाथपुर, दसियांव, पीलापुर, बैजनाथपुर सहित आधा दर्जन गांव के कीर्तन मंडली शामिल हुई थी। इस संकीर्तन में विभिन्न कीर्तन मंडलियों द्वारा बारी-बारी से कई प्रकार के कर्णप्रिय लय में श्रद्धालु श्रोताओं को हरिनाम का रसपान कराया जा रहा था। कीर्तन की गूंज से गांव व क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया था। इस आयोजन को सफल बनाने में मिश्रीलाल, सिपाही, विनोद राय, शिव शंकर साधु, दिनेश दुबे, टुनटुन व्यास, प्रसिद्ध यादव, घुड़ी पासवान समेत समस्त ग्रामीणों की सहभागिता व सहयोग सराहनीय रहा। कीर्तन का समापन विधिवत हवन एवं प्रसाद वितरण के साथ मंगलवार को सम्पन्न हो गया। संकीर्तन संपन्न होने पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने आए थे। इस कीर्तन के आयोजन से ग्रामीणों का उत्साह चरम पर पहुंच गया था।

## वाणावर महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के चयन के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



17 दिसंबर को आयोजित होने वाले वाणावर महोत्सव के सफल आयोजन के लिए स्थानीय कलाकारों का चयन किया जाएगा। इसके लिए चयन समिति के द्वारा तीन दिसंबर को अब्दुलबारी नगर भवन में किया जाएगा। चयन कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रिपोर्टिंग समय सुबह 10 बजे निर्धारित की गई है। कलाकारों के चयन हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति बनायी गयी है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के भाग लेने के लिए विभिन्न विद्यालयों, संस्थानों व एजेंसी से प्रतिभागियों एवं स्थानीय कलाकारों को सम्मिलित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिन प्रतिभागियों व कलाकारों ने अब तक आवेदन नहीं दिया है, वो दो दिसंबर अपनी कला विधा से संबंधित वीडियो क्लिप जिला सामान्य शाखा के व्हाट्सएप नंबर 6200764173 पर उपलब्ध करा सकते हैं। कार्यक्रम का सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर आधारित रहना अनिवार्य है। किसी प्रकार के विवादित अथवा राजनैतिक कार्यक्रम को स्वीकृत नहीं किया जाएगा। चयन समिति के समक्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेष्ठ 05 प्रतिभागियों को वाणावर महोत्सव में कला प्रस्तुति का अवसर प्राप्त हो सकेगा। निर्णायक मंडली/चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।

# टीबी उन्मूलन अभियान में मुक्त वाहिनी के सदस्य निभा रहे अहम भूमिका

- टीबी मुक्त वाहिनी के सदस्यों की हुई समीक्षात्मक बैठक एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला
- राज्य में टीबी मुक्त वाहिनी के 800 से अधिक सदस्य जगा रहे समुदाय में जागरूकता की अलख

**केटी न्यूज/पटना**



बैठक में शामिल अधिकारी व अन्य

राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग 2025 तक राज्य से टीबी उन्मूलन के लिए प्रयासरत है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ कई सहयोगी संस्था भी अपना सहयोग दे रहे हैं। इनमे रीच संस्था द्वारा गठित टीबी मुक्त वाहिनी के सदस्य भी अपना योगदान दे रहे हैं। इसी उद्देश्य से पटना स्थित एक निजी होटल में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आज शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के अंतर्गत टीबी चैंपियंस (जो टीबी मुक्त वाहिनी नेटवर्क से जुड़े है) को अपनी कार्यकुशलता में इजाफा करने के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला में प्रोत्साहित किया गया तथा उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी।

**16 जिलों के टीबी चैंपियंस कार्यशाला में हुए शामिल :** दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन मंगलवार को राज्य के 16 जिलों गया, मुजफ्फरपुर, सारण, वैशाली, नालंदा, भोजपुर, समस्तीपुर, गोपालगंज, दरभंगा, सीतामढ़ी, सुपौल, जमुई, बांका, किशनगंज, पुर्णिया एवं पटना के टीबी मुक्त वाहिनी के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान उनकी कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए उनका उन्मुखीकरण किया गया। सदस्यों का उन्मुखीकरण टीबी मुक्त वाहिनी के सचिव सुधेश्वर सिंह ने किया। विभिन्न जिलों से आये सदस्यों ने अपने जिले में किये जा रहे कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया। विदित हो कि राज्य में 529 प्रशिक्षित टीबी चैंपियंस टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

**टीबी मुक्त वाहिनी के सदस्यों की दक्षता में इजाफा करना है उद्देश्य :** कार्यशाला में अपने संबोधन के दौरान टीबी मुक्त वाहिनी के सचिव सुधेश्वर सिंह ने कहा कि नियमित समीक्षा एवं उन्मुखीकरण से टीबी मुक्त वाहिनी के सदस्यों की कार्यकुशलता एवं दक्षता में इजाफा होगा। वाहिनी के सदस्य समुदाय में जागरूकता फैलाने के साथ मरीजों को ससमय दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में आ रही समस्याओं का जमीनी स्तर पर अध्ययन कर उसे विभाग के समक्ष प्रस्तुत करना भी टीबी मुक्त वाहिनी के सदस्यों का एक प्रमुख उद्देश्य है। सुधेश्वर सिंह ने कहा कि टीबी उन्मूलन अभियान को सफल करने में समुदाय में टीबी मरीजों के साथ व्याप्त भेदभाव को बदलना जरुरी है और टीबी मुक्त वाहिनी के सदस्य इसमें अहम भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यशाला में रीच संस्था के राज्य प्रमुख स्टेट ऑपरेशन लीड बिपिन कुमार सिंह, राज्य टीवी कॉर्डिनेटर रजनीश दुबे तथा टीबी मुक्त वाहिनी के सचिव सुधेश्वर सिंह, टीबी मुक्त वाहिनी के अध्यक्ष एसएन झा, संस्थान के अन्य कर्मी के अलावा चयनित 16 जिलों के टीबी मुक्त वाहिनी के सदस्य मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### सोनवर्षा में 200 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब को पुलिस ने किया नष्ट

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस व एएलटीएफ की संयुक्त टीम ने शराब के खिलाफ मंगलवार को बाली महादलित बस्ती में अभियान चलाया। इस दौरान बस्ती से लगभग 200 लीटर महुआ जावा विनष्ट किया, साथ ही महुआ जावा को तैयार करने में इस्तेमाल की गई डब्बा को तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया गया। महुआ जावा को पुलिस ने जमीन खोदकर बाहर निकाल नष्ट किया। हालांकि पुलिस के पहुंचने के पहले ही तस्कर भाग निकले थे। सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना छापेमारी किया गया था। उन्होंने कहा कि शराब निर्माण के अवैध कारोबार में जुड़े लोगों को चिह्नित किया जा रहा है।

### माले ने मनाया चारू मजूमदार का शहादत दिवस

**केसठ।** भाकपा–माले ने केसठ नया बाजार में संकल्प सभा आयोजित कर पार्टी के संस्थापक रहे कामरेड चारू मजूमदार के साथ शहीद हुए दो अन्य कामरेडो का शहादत दिवस मनाया गया। भाकपा–माले के प्रखंड सचिव का. ललन प्रसाद ने साथियों के शहादत को याद करते हुए उनके सपनों को साकार करने पार्टी नेताओं के साथ संकल्प लिया। संशोधनवादी वामपंथ से क्रांतिकारी वामपंथ की ओर आने की दिशा में सुब्रत दत्त के लेखों व उनकी शहादत ने उन्हें काफी प्रेरणा देने का काम किया। सुब्रत दत्त कॉ. चारू मजूमदार के सच्चे वारिस थे। वे काफी कम उम्र में अपने साथियों डॉ. निर्मल व रतन के साथ शहीद हो गए, लेकिन उनकी पताका को लेकर हम लगातार आगे बढ़ रहे है। मौके पर रेखा देवी, हरेन्द्र राम सहित अन्य पार्टी के नेता व कार्यकताओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

### पिस्टल और 15 कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**इटाढ़ी।** धनसोई पुलिस ने थाना क्षेत्र के खरवनिया मोड़ के पास से एक पिस्टल व दो मैग्जिन में 15 कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक दिनेश सिंह उर्फ सुग्गा खरवनियां का ही रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार धनसोई पुलिस ने गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार किया है। उसके पास से मैग्जीन लोडेड पिस्टल के साथ ही पॉकेट से एक दूसरा लोडेड मैग्जिन भी मिला है। दोनों मैग्जिनों में मिलाकर कुल 15 कारतूस थे। धनसोई थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ कर उसके अपराधिक रिकार्ड को खंगाला जा रहा है।

# फिट इंडिया स्कूल वीक के माध्यम से निखारी गई छात्र-छात्राओं की छुपी प्रतिभाएं

- सोनवर्षा के एमडीजे स्कूल में आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों में दिखा उत्साह
- खेल प्रतियोगिताएं, पोस्टम मेंकिंग सहित कई तरह के आयोजन कराएगा स्कूल
- खेल मंत्रालय व माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित करवाया जा रहा है कार्यक्रम

**केटी न्यूज/नावानगर**

खेल मंत्रालय भारत सरकार व माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड के एमडीजे पब्लिक स्कूल में फिट इंडिया वीक के तहत चार दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत मंगलवार को धूमधाम से किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा एक से 12वीं तक के छात्र छात्राएं हिस्सा ले रहे है। पहले दिन खेल विषय पर लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग कंपटीशन एवं क्विज कंटेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग कक्षाओं के 135 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी छात्र छात्राओं ने खेल गतिविधियों पर आधारित एक से बढ़कर एक पोस्टर बनाने के साथ-साथ खेल से संबंधित लेख लिखने का काम किए। इन प्रतियोगिताओं के



माध्यम से बच्चों के अंदर की छुपी प्रतिभाओं को निखारा गया। प्रतिभागी छात्रों द्वारा बनाए गए पोस्टर तथा तथा निबंध की शिक्षकों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। सभी प्रतिभागियों के लेख व पोस्टर को खेल मंत्रालय एवं सीबीएसई के पोर्टल पर अपलोड किया गया है। बताया जाता है कि पोर्टल पर अपलोडिंग के पश्चात मंत्रालय द्वारा सहभागिता प्रमाण पत्र जारी करने पर छात्रों को इसका प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

फिट इंडिया स्कूल वीक का आयोजन खेल मंत्रालय भारत सरकार व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पटना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। जिसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएगी। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि यह प्रतियोगिता 29 नवंबर से दो दिसंबर 2022 तक चलेगा। जिसमें कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, क्रिकेट, एथलेटिक्स एवं अन्य स्वदेशी खेलों का समायोजन किया गया है। फिट इंडिया स्कूल वीक के आयोजन से छात्रों में जबरदस्त उत्साह व्याप्त है। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए उतावले दिखे। पहले दिन सैकड़ो छात्रों की सहभागिता इस बात का प्रमाण है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ नंदकुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय में चल रही फिट इंडिया स्कूल वीक में छात्रों द्वारा अलग अलग इवेंट्स में अपनी बेहतर कला कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। जो कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। इस तरह का आयोजन से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है।

साथ ही छात्र एक दूसरे से आगे निकलने के लिए पूरे मेहनत एवं लगन के साथ-साथ एक सार्थक प्रयास करते हैं। जो कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसका आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के उदेश्य से केन्द्र सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा करवाया जा रहा है। खेलों का आयोजन विद्यालय के खेल शिक्षक चंदन कुमार एवं विजय कुमार द्वारा किया गया जबकि समन्वयक की भूमिका विद्यालय के वरीय शिक्षक मुन्ना कुमार निभा रहे है। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य एके घोष समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय है। शिक्षकों की मानें तो चारों दिन होने वाले अलग अलग इवेंट की तैयारी पहले से कर ली गई है।

## अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान पूरे दिन लगा रहा जाम, ठप रही बिजली आपूर्ति

# ढोल बजाते हुए शहर में अतिक्रमण हटाने निकली नप प्रशासन, खानापूर्ति कर लौटी

- कार्यपालक अभियंता ने कहा- तीन दिनों तक चलाया जाएगा विशेष अभियान
- पहले दिन कई जगहों पर अतिक्रमण नहीं हटा सका नप प्रशासन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए ढोल बजाकर निकली नगर परिषद की टीम पूरे दिन सिर्फ खानापूर्ति करती नजर आई। इस दौरान स्टेशन रोड, गोला रोड तथा चौक रोड में सड़क किनारे की फुटपाथ पर दुकान सजाने वालों तथा कुछ स्थायी दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे बनाए गए सीढ़ी या नालियों रखे गए पत्थर को हटा अतिक्रमण हटाने की खानापूर्ति की। जबकि कई जगहों पर यह टीम पहुंच भी नहीं सकी। वहीं, नप प्रशासन की कार्रवाई के कुछ घंटे बाद ही फिर से फुटपाथी दुकानदार काबिज हो गए थे। जिस कारण इसका स्थानीय लाभ नहीं मिला पाया। बता दें कि सोमवार को ही प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। लेकिन, इसका असर अतिक्रमणकारियों पर नहीं पड़ा था। जिसके बाद मंगलवार को पूरे दिन नगर परिषद प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कवायद जरूर की, लेकिन शाम ढलने के साथ ही पूरे दिन की कवायद पर पानी फिरता नजर आने लगा था। गौरतलब है कि इसके पहले भी कई बार नगर परिषद प्रशासन अस्थायी रूप से अतिक्रमण हटवा चुका है। लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई के तुरंत बाद फिर से अतिक्रमणकारी काबिज हो जाते रहे है। इस बार भी कुछ ऐसा ही होता प्रतीत हो रहा है।



गोला रोड में अतिक्रमण हटाता जेसीबी व उमड़ी भीड़



जाम में फसे लोग

हालांकि नगर परिषद प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों को चिह्नित करने तथा दोबारा आतिक्रमण करने पर जुमार्ना लगाने की बात कही जा रही है। लेकिन यह भी रटी रटाई बात हो गई है। इस दौरान दंडाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार, थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, उप सहायक बजेंद्र राय सहित बड़ी तादाद में महिला व पुरुष पुलिस के जवान मौजूद थे। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान लगतार तीन दिनों तक चलेगा।

### बड़ा सवाल फुटपाथी जाए तो कहां : मिंटू हॉशमी

इस अभियान के बाद सबसे बड़ा सवाल बन गया है कि फुटपाथ पर ठेला व खोमचा में फल, सब्जी तथा अन्य सामान बेचने वाले छोटे दुकानदार जाएं तो कहां जाए। वर्षो से नगर परिषद प्रशासन द्वारा वेंडिंग जोन बनाने का सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। जबकि फुटपाथ पर दुकान सजाने वाले अधिकांश बेहद गरीब किस्म के लोग है जो न स्थायी दुकानों का किराया दे सकते है। बहुत कम पूंजी में किसी तरह जीविकोपार्जन करने वालों की मुश्किलें नगर परिषद प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद बढ़ गई है। फुटपाथ विक्रेता संघ के मिंटू हाशमी ने कहा कि नगर परिषद प्रशासन को पहले वेंडिंग जोन बनाना चाहिए, उसके बाद अतिक्रमण हटाना न्यायोचित होगा।

## चौसा स्टेशन पर रेलवे यात्री संघर्ष समिति ने शुरू किया आमरण अनशन, एक्सप्रेस ट्रेन की मांग पर अड़े लोगे

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार से रेलवे यात्री संघर्ष समिति ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आमरण अनशन शुरू कर दिया है। यह आमरण अनशन कोरानाकाल में बंद हुई एक्सप्रेस ट्रेनों के स्थानीय स्टेशन पर ठहराव, मूलभूत यात्री सुविधाओं को बढ़ाने सहित कई अन्य मांगों के समर्थन में किया जा रहा है।

आमरण अनशन समिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद डॉ. मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में शुरू किया गया है। जबकि संचालन राम अशीष कुशवाहा कर रहे है। अपने संबोधन में डॉ मनोज कुमार यादव ने कहा है कि कोरोना काल में बंद फरक्का एक्सप्रेस एवं पटना



कुर्ला एक्सप्रेस का ठहराव पूर्ववत की तरह किया जाए, अपर इंडिया एक्सप्रेस एवं हावड़ा अमृतसर एक्सप्रेस के जगह पर मगध एक्सप्रेस का ठहराव एवं विभूति एक्सप्रेस एवं हावड़ा अमृतसर मेल का ठहराव किया जाए। साथ ही डॉ. यादव ने कहा कि महिला तथा पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रतीक्षालय की व्यवस्था एवं स्टेशन पर आरक्षण केंद्र की व्यवस्था के साथ स्टेशन के पश्चिम साइड में यात्री शेड, शौचालय की व्यवस्था, ऊपर गामी पुल का निर्माण तत्काल कराने, पटना से तीसरी लाइन का विस्तारीकरण के साथ पवनी कमरपुर हाल्ट पर यात्रियों की सुविधा जैसे प्लेटफॉर्म टिकट, काउंटर, ऊपरी गामी पुल पानी एवं शौचालय एवं अन्य सुविधाओं की तत्काल बहाली होनी चाहिए।

## आज के भौतिक युग की जरूरत बन गई है जिम : कमलबांस कुंवर

- स्टेशन के पास किया गया जिम का उदघाटन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जिम आज के भौतिक युग की जरूरत बन गई है। खासकर शहरी संस्कृति में जहा न तो पहले की तरह बड़े बड़े खेल मैदान है और न ही लोगों के पास अपने को फिट रखने के लिए समय बच पाता है। ऐसे में जिम लोगों के स्वास्थ की रक्षा तथा उन्हें चुस्त व तंदरूस्त रखने में कारगर साबित हो रहे है। उक्त बातें सिमरी पूर्वी के जिप सदस्य तथा भोजपुरी गायक कमलबास कुंवर ने मंगलवार को कही। वे डुमरांव स्टेशन के पास जिम का उद्घाटन करने आए थे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम



व खेलकूद जरूरी है। कम समय में व्यायाम की जरूरतों को पूरा करने के लिए जिम महत्वपूर्ण बन गया है। उन्होंने युवाओं से नियमित जिम में आकर व्यायामक रने की नसीहत दी और कहा कि स्वस्थ शरीर ही हमारा सबसे बड़ा धन है। मौके पर जिम संचालक नीरज कुमार, अजित कुमार, दीपू चौबे, धीरज कुमार, आशुतोष कुमार, बाली कुमार, मिस्टर मनोज समेत कई अन्य युवा मौजूद थे।

## एक नजर

### अर्द्धवार्षिक परीक्षा में अव्वल छात्रों को प्राचार्य ने किया पुरस्कृत, निरंतर आगे बढ़ने की दी सीख



**नावानगर।** मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय नावानगर का अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें कक्षा 6 से 10 तक के अव्वल छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इसके लिए विद्यालय में एक समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एस एन पाठक ने किया। उन्होंने परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले छात्रों को पुरस्कार देते हुए उन्हें जीवन में और बेहतर करने की प्रेरणा दिया। प्राचार्य ने कहा कि परिश्रम कभी बेकार नहीं होती है। शिक्षा में जो जितना रुचि बढ़ाता है, उसमें उतना ही निखार आता है। बस जरुरत है अपने आप को भीड़ से अलग रखकर पठन -पाठन पर ध्यान देने की। मौके पर विद्यालय के छात्रों के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं व गैर शैक्षणिक कर्मी मौजूद थे। प्राचार्य के हाथों पुरस्कार पाने वाले छात्रों के चेहरे पर खुशी देखी गई।

### बिजली बिल का भुगतान नहीं करने पर कंपनी ने तीन गांवों की बिजली काटी, बढ़ी परेशानी



**नावानगर।** बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं करना तीन गांवों के उपभोक्ताओं को महंगा पड़ गया है। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने इस पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए तीनों गांवों की बिजली आपूर्ति रोक दी है। मंगलवार को तीन गांव में लगे सात ट्रांसफार्मर से बिजली सेवा कंपनी के अधिकारियों ने बंद कर दिया है। इसके लिए कंपनी के अधिकारी ने बिजली मिस्त्री से हाई टेंशन जंफर से ट्रांसफार्मर तक पहुंचने वाली विद्युत तार को अलग करवा दिया। ऐसे में इन सातों ट्रांसफार्मरों से जुड़े तीनों गांव में अंधेरा पसर गया है। जेई विपिन किशोर ने बताया कि उसरा गांव एवं डेरा तथा घुंसारी डेरा के हर उपभोक्ता के पास लंबे समय से बिजली बिल बकाया है। बकाया बिजली बिल जमा करने के लिए सभी उपभोक्ताओं के पास कई बार नोटिस भेजा गया था। बावजूद किसी भी उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा नहीं किया। जिसके बाद कंपनी के अधिकारियों ने सभी का कनेक्शन काटने का निर्देश दिया। जेई ने बताया कि निर्देश मिलने के बाद इन गांव के लिए लगाए गए सात ट्रांसफार्मर को विद्युत आपूर्ति देना बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जब तक बकाया बिजली बिल भुगतान नहीं होगा तबतक तीनों गांव में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इधर बिजली आपूर्ति बंद होने से उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ गई है।

### रामानुजम टैलेंट सर्च प्रतियोगिता की सफलता के लिए चला जागरुकता अभियान

**डुमरांव।** 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हो रही रामानुजम टैलेंट सर्च प्रतियोगिता को सफल बनाने तथा इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए जिम्मेवार शिक्षकों द्वारा मंगलवार को डुमरांव के विभिन्न स्कूलों में जाकर छात्रों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जागरूक किया गया। गणित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यालय विद्यालय जाकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए जिले के शिक्षकों ने अपनी बातों से विद्यार्थियों को फॉर्म भरने और परीक्षा में शामिल होने के उद्देश्य और उज्जवल भविष्य के लिए इसके महत्व को रेखांकित किया गया। इस दौरान शहर के दर्जनों सरकारी व निजी स्कूलों में जागरूकता टीम पहुंच छात्रों को प्रेरित की। मिशन गुणवत्ता में शामिल शिक्षकों ने भी इसमें भाग लिया। जिनमें प्रमुख रूप से शिक्षक डॉ. मनीष कुमार शशि, अनीता यादव, शिवजी सिंह, जगदंबा पाल, मीरा गुप्ता आदि ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए मैथमेटिकल सोसायटी के फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया।

### नगर भवन में होने वाले चलंत लोक अदालत में कुल 338 मामलों का किया गया निष्पादन

**बक्सर।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार बक्सर नगर भवन में चलंत लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि जानकारी देते हुए धर्मेंद्र कुमार तिवारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि बक्सर जिले के चयनित स्थानों पर 29 नवंबर से एक दिसंबर तक मोबाइल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। आम लोग अधिक से अधिक मोबाइल लोक अदालत में पहुंचकर विवादों का निपटारा करा सकें, इसके लिए एक मोबाइल वैन गांव-गांव दस्तक दे रही है। बक्सर में लोक अदालतों के जरिए विवादों का निपटारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार मंगलवार को नगर भवन में बक्सर, इटाढी, राजपुर और चौसा प्रखंड के सुलहनीय वादों का निष्पादन कराया गया। जिससे लोग अपनी बिजली, टेलीफोन, बैंक, इन्शुरनेंस, इत्यादि सुलहनीय वादों का निष्पादन मोबाइल लोक अदालत के केंद्र पर आकर कराए। 30 नवंबर को डुमरांव, चौगाई, केसठ और नवानगर प्रखण्ड के मामले नवानगर प्रखण्ड कार्यालय या प्रखंड संसाधन केंद्र पर किया जाएगा।

## 53वां सिय पिय मिलन महोत्सव: सीता राम विवाह देखने के लिए बक्सर में उमड़ पड़ा अपार जनसैलाब

# वैदिक मंत्रोचार व मंगल गीतों के साथ हुआ प्रभु श्री राम का माता जानकी से विवाह

- श्रीराम कलेवा के साथ संपन्न हुआ बक्सर का प्रसिद्ध 53वां सिय पिय मिलन महोत्सव

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर का विश्व प्रसिद्ध सिय पिय मिलन महोत्सव संपन्न हो गया। श्रीसीताराम विवाह आश्रम पर आयोजित नौ दिवसीय 53वां सिय पिय मिलन महोत्सव में विद्वान आचार्यो के मुखारविंद से निकले वैदिक मंत्रोचार तथा आस्था व श्रद्धा से लबरेज माताओं के मंगल गीतो के



साथ जगत जननी जानकी प्रभु श्री राम की हो गई। यह आयोजन सोमवार की देर रात तक पूरे श्रद्धा आस्था और विश्वास के साथ संपन्न हुआ। श्रीराम कलेवा के साथ मंगलवार को नौ दिवसीय आयोजन की पूणार्हुति हुई। इस आयोजन को देखने के लिए देश के कोने कोने से संत समाज व हजारों की संख्या में भक्त श्रद्धालु पहुंचे थे। मंगलवार को देर शाम तक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। समारोह स्थल जाने वाला सभी मार्ग श्रद्धालुओं से फट गया था। इस आयोजन को लेकर सुबह से ही विद्वान पंडित वैदिक मंत्र विचार कर रहे थे तो माताओं की टोली विवाह के मंगल गीत गा रही थी।

पंडाल के बीचो बीच विवाह के लिए एक विशाल मूविंग मंच बनाया गया था। जिसको फूल एवं रंग-बिरंगे पत्तियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जिसकी एक झलक पाने मात्र से आने वाले श्रद्धालु गदगद हो रहे थे। हजारों में जुटने वाली भीड़ को देखते हुए मूविंग मंच का निर्माण किया गया था। जिससे कि मंच के चारों तरफ बैठे लोगों को श्रीराम विवाह का नजारा स्पष्ट दिखाई पड़ सके। पूरी रात भक्त श्रद्धालु अपने जगह से टस से मस नहीं हुये। आठवें दिन भी सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर भक्ति का प्रवाह कायम था। धार्मिक आयोजनों की शुरूआत नवाह परायण से शुरू होकर देर रात तक प्रभु श्रीराम की विवाह लीला के संपन्नता तक कायम रहा। विवाह लीला पूरी रात चली जो करीब सुबह चार बजे संपन्न हुई। विवाह की रश्म पूरी होने तक श्रद्धालु अपने जगह पर डटे रहे। जो एक बार अपनी जगह संध्या समय पकड़ा वह पूरी रात वहीं जमा रह गया। बाहर निकलने की जगह तक नहीं थी। श्री राम विवाह के अलौकिक दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से संत महात्मा शामिल होने के लिए पहुंच चुके थे।

**जनकपुर की सखियों ने चारों दूल्हे के साथ खूब की ठिठोलियां :** सिय पिय मिलन महोत्सव कार्यक्रम के शुरू होने के बाद द्वार पूजा की विधि पूरी की गई. दुल्हे राजा पालकी पर सवार होकर पंडाल के बीच में बने मंच पर पहुंचे. जहां द्वार पूजा के समय विभिन्न विधियों के दौरान सखी के रूप में आश्रम के महंत राजाराम शरण दास जी महाराज ने चारों दुल्हे को खूब छकाया।

## शहर छोटी खबरें

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**बलिया।** जिले के सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के बेल्थरा मार्ग पर मालदा चट्टी पर ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर लाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन, बलिया जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। बताया जाता है कि डुंहा बिहरा गांव निवासी मनीष कुमार सिंह अपने घर से बाइक से मालदा चट्टी पर आया था। वह विश्वकर्मा मंदिर के पास अपनी बाइक पर खड़ी कर किसी से बात कर रहा था। तभी सिकंदरपुर से बिल्थरा रोड के तरफ आ रहे ट्रैक्टर ने खड़े मनीष सिंह को रौंदते हुए निकल गया। मौके पर इकट्ठा स्थानीय लोगों के द्वारा मनीष सिंह को सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया। अभी वह बहादुरपुर पुलिया के पास पहुंचा ही था कि उसकी मौत हो गयी। हालांकि, लोगों का कहना है कि ट्रैक्टर ने सड़क के किनारे 4 बाइकों को रौदते हुए बाहर निकल गया है। संयोग अच्छा था कि तीन बाइक पर कोई सवार नहीं था, वह सड़क के किनारे खड़ी थी।

### विद्युत कर्मियों ने सड़कों पर निकाला मशाल जुलूस

**गाजीपुर।** जिले में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा बिजली कर्मचारियों, अवर अभियंताओं व अभियंताओं की न्यायसंगत समस्याओं को लेकर मसाल जुलूस निकाला गया। ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं की ज्वलंत समस्याओं को लेकर 17 नवंबर से लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, किंतु प्रबंधन का हठवादी व दंडात्मक रवैया बना हुवा है। जिससे बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा देखने को मिला। शहर की सड़कों पर निकले मशाल जुलूस में सैकड़ों की संख्या में बिजली कर्मी शामिल रहे और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लाल दरवाजा पावर हाउस से शुरू हुआ मशाल जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए जिला मुख्यालय स्थित सरजू पांडे पार्क में पहुंचकर समाप्त हुआ। जिला संयोजक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि सभी बिजली कर्मियों /सेवानिवृत कर्मियों को कैशलेश इलाज की सुविधा प्रदान की जाय।

# मनमानी : शहर में बढ़ते अवैध बस स्टैंड बढ़ा रहे लोगों की मुश्किलें, प्रशासन लापरवाह

- मुख्यमंत्री योगी के आदेश के बावजूद उदसीन बैठे हैं अधिकारी
- बस मालिक व चालक खुलेआम उड़ा रहे धज्जियां, पहुंचा रहे राजस्व का घाटा

**तिलक कुमार/बलिया**



प्रदेश के योगी सरकार के सख्त आदेश को ठेंगा दिखाते हुए नगर के विभिन्न चट्टी चौराहों पर अवैध तरीके से बस स्टैंड बना दिया गया है। ये बसें मनमाने ढंग से किराए भी वसूलते है और जहां से मन वहां खड़ी कर सवारी ढोने का काम करती है। बस संचालकों की इस मनमानी से टेंपो ई-रिक्शा चलाकर गुजर-बसर करने वाले लोगों को आज सवारी नहीं मिल रहा है, जिसके कारण उनके घरों के चूल्हे ठंडे पड़ने लगे हैं। सबसे हैरत की बात तो यह है कि जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की नजर ना जाने कितनी बार इन बसों से टकराती है, बावजूद इसके उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। ऐसे में लोग इसे अधिकारियों की उदासीनता के साथ इनकी मिलीभगत की बात कर रहे हैं। जिला व यातायात पुलिस की अनदेखी के कारण शहर में जगह-जगह अवैध बस स्टैंड पनप गए हैं। इससे शहर की यातायात व्यवस्था के साथ-साथ शहर की सूरत भी बिगड़ रही है। जबकि यातायात पुलिस केवल हेलमेट, सीट बेल्ट व तीन सवारी के चालान बनाने में व्यस्त है। नतीजतन बसें खड़ी करने व सवारियां लेने को लेकर रोडवेज व निजी बस संचालकों में आए दिन नोक-झोंक होती रहती है। वहीं राजस्व को भी घाटा पहुंचा रहे हैं।

### इन स्थानों पर खड़ी होती है बसें

**बलिया।** अवैध बस स्टैंड की बात करें तो चितू पांडेय रेलवे क्रासिंग के उत्तर दिशा में ओवरब्रिज के ठीक नीचे, महुआ मोड़ रेलवे की जमीन पर भी बसें खड़ी होती है तथा सवारी ढोने का काम होता है। इसके अलावा बहेरी गांव स्थित हल्दी कोठी के ठीक विपरीत दिशा में। इसके अलावा कुंवर सिंह सीओ सिटी के आवास के ठीक सामने भी अवैध बस स्टैंड बना दिया गया है।

### एआरटीओ बोले अबकी बार पकड़ेंगे तो जेल भेजेंगे

**बलिया।** एआरटीओ अरूण कुमार राय ने बताया कि बीच-बीच में कार्रवाई की जाती है। साथ ही, वाहन चालकों और मालिको इसके लिए हिदायत भी दी जाती है। लेकिन ये लोग अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। इन्हें सबक सिखाने के लिए अब इन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। ताकि, भविष्य में वे बार-बार ऐसी गलती न करें। इससे आम लोगों को राहत मिलेगी।

## रंगरलियां मनाते पकड़े जाने पर बेटी के आशिक ने ही की थी रामजी की हत्या



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के बरेसर थाना क्षेत्रांतर्गत हुई एक व्यक्ति की हत्या कांड का खुलासा स्वाट टीम व स्थानीय थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से किया है। महज 24 घंटे के अंदर हत्यारे को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, मोबइल व आला कत्ल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामले का खुलासा करते हुए मंगलवार को एसपी ओमवीर सिंह ने बतया कि बीते 27 नवंबर को स्थानीय थाना क्षेत्र के सुतिहार निवासी स्व. रामजी यादव की पत्नी मीना यादव ने सड़क दुर्घटना में अपने पति की मृत्यु की तहरीर थाने में दी। जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अनुसंधान के क्रम में उपनिरीक्षक रोहित कुमार द्विवेदी ने पंचनामा तैयार कर स्थलीय परीक्षण किया।

मामला संदिग्ध पाए जाने पर पुलिस टीम ने गहराई से निरीक्षण के दौरान प्राइमरी स्कूल के दक्षिणी ओर शौचालय के पास कुछ खून की तरह मिट्टी में धब्बे दिखाई पड़े। इस बावत प्रभारी निरीक्षक बरेसर, फॉरेन्सिक टीम, सर्विलांस प्रभारी व एसओजी प्रभारी टीमों का गठन करते हुए अज्ञात अभियुक्त व घटना का अनावरण करने के आदेश दिए गए।

### एसपी ने नगर निकाय निकाय चुनाव को लेकर की बैठक, दिए निर्देश

# थानेदार से सिपाही तक हिस्ट्रीशीटर पर रखेंगे नजर

- एसपी ने अपराध समीक्षा बैठक व सैनिक सम्मेलन में अपराधियों के विरुद्ध नियंत्रण के दिए निर्देश
- मादक पदार्थों व अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों पर की जाएगी कठोर कार्रवाई

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बैठक करते एसपी व शामिल पुलिस पदाधिकारी

जिले में आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर जिले पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों और थानाध्यक्षों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने नगर निकाय चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करते हुए सख्त निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को आयोजित सैनिक सम्मेलन व अपराध समीक्षा बैठक में अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिया है। एसपी द्वारा सर्वप्रथम विभिन्न थानों से आए हुए कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने सभी थानों के थानाध्यक्षों के साथ अपराध गोष्ठी की गई। पुलिस कप्तान द्वारा आगामी चुनाओं के दृष्टिगत जनपद के अपराधियों पर नजर रखने व कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित देते हुए कहा कि जिले में अब तक जितने भी हिस्ट्रीशीटर हैं, उनपर नजर बनाए रखें। इस कार्य में न केवल सिपाही, बल्कि थोनदार भी हिस्ट्रीशीटरों की सूची तैयार कर उन नजर बनाए रखेंगे। ऐसे अपराधी जो चुनाव में गड़बड़ी कर सकते हैं, उन्हें चिह्नित करते हुए हर हाल कार्रवाई की जाए।

### जिले के बॉर्डर इलाकों पर बढ़ाई जाए गश्त

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि चुनाव को लेकर जिले के जितने भी बॉर्डर इलाके हैं, वहां गश्त बढ़ाई जाए। गैर जनपद से लगे सीमाओं पर किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है। उन्होंने सभी थानेदारों और पुलिस पदाधिकारियों को मादक पदार्थों तथा अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए। कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को कदापि नहीं बख्शा जाएगा।

### अपराधियों के विरुद्ध सख्त एवं कड़ी कार्रवाई की जाए

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं की कार्रवाई पूर्ण करने के लिए आदेशित किया गया तथा यह भी निर्देश दिया गया कि किसी भी थाना क्षेत्र में कोई भी अपराध घटित न होने पाए। अपराधियों के विरुद्ध सख्त एवं कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रत्येक थाना प्रभारी थाने पर आए हुए फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करें एवं प्राप्त प्रार्थना पत्र का निस्तारण निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सभी आरक्षियों व महिला आरक्षियों को उनके बीट में भेजा जाए और उनसे जानकारी प्राप्त करें। घटित घटनाओं से संबंधित अपराधियों की गिरफ्तारी में तत्परता दिखाते हुए अतिशीघ्र गिरफ्तार करें। अपराध गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण व समस्त क्षेत्राधिकारी तथा समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहें।

# दोस्त को बचाने गए दो छात्रों को चाकू मार किया लहूलुहान, वाराणसी रेफर

### सूचना मिलते ही छात्रों से मिलने जिला अस्पताल पहुंचे एसपी



जख्मी छात्र से जानकारी लेते एसपी व अन्य

- मामले की जानकारी लेने के बाद थानेदार को कार्रवाई का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला मुख्यालय स्थित एक निजी होटल के पास सोमवार की देरशाम छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान बीचबचाव कर रहे दो छात्रों को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद आननफानन में स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने दोनों को बेहतर उपचार के लिए वाराणसी रेफर किया। दोनों छात्र शहर कोतवाली के फुल्लनपुर गोड़ा देहाती गांव में किराए के मकान में रहते थे। वहीं, छात्रों के दो गुटों में हुई चाकूबाजी के बाद दहशत कायम है। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद जिला अस्पताल पहुंचे पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने छात्रों से पूछताछ कर कोतवाली थानेदार को तत्काल आरोपियों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया।

बताया जाता है कि शहर कोतवाली क्षेत्र के फुल्लनपुर गोडा देहाती गांव में शिवम यादव और अजय यादव किराए के एक मकान में रहते हैं। जहां रहकर दोनों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। सोमवार की शाम इनके एक दोस्त ज्ञानदीप ने फोन कर बुलाया कि कुछ लोग उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। दोनों मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामले को शांत कराने का प्रयास करने लगे। लेकिन इसी बीच दबंग छात्रों ने ज्ञानदीप को छोड़कर शिवम और अजय को ताबड़तोड़ चाकू मारकर गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। साथी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया।

## अंतरास्ट्रीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में जिले को मिले तीन स्वर्ण, दो रजत व तीन कांस्य



- खिलाड़ियों के आगमन पर किया गया उनका स्वागत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दिल्ली के त्याग राज स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 24 से 26 नवंबर तक पांचवी इंडिया इंटरनेशनल ताईक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, दो रजत व तीन कास्य पदक अपने नाम करने में सफलता हासिल की है। गाजीपुर आगमन पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अल्लाउद्दीन अंसारी ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। डिस्ट्रीक्ट गाजीपुर ताईक्वांडो एसोसिएशन के सचिव विपिन सिंह यादव ने बताया कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में कीर्ति सिंह, स्वास्तिक गुप्ता व इनेश चंद्र गुप्ता शामिल हैं। वहीं, सिद्धार्थ पाल व आनंद राज यादव ने रजत पदक प्राप्त किया तथा कास्य पदक प्राप्त करने वालों में दीपक, राहुल व सत्यम हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी खिलाड़ी अपने खेल के प्रति लगातार प्रयासरत रहते हैं। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह, अनुज कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष सरफराज खान व कोच सत्यदेव पांडे, मनोज कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।


## एक नजर

### एनजीटी ने जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय को नोटिस जारी कर मांगा जवाब




**बलिया।** बसंतपुर में करोड़ों की लागत से बन रहे जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की इमारत पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने रिपोर्ट मांगी है। एक शिकायत पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने विश्वविद्यालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बता दें कि जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के भवन का निर्माण पहलेचरण में 92.39 करोड़ रुपए की धनराशि से किया जा रहा है। इसके लिए 35 करोड़ रुपए जारी हो गए हैं। अभी प्रशासनिक भवन, एकेडमिक भवन और लाइब्रेरी का निर्माण चल रहा है। इसी निर्माण कार्य को जनपद के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के सरनी निवासी धर्मेंद्र सिंह ने एनजीटी की गाइडलाइन के विपरीत बताया है। उन्होंने शिकायत कर कहा कि सुरहाताल पक्षी विहार घोषित है। इसके चारों तरफ का एक किलोमीटर का क्षेत्र सरंक्षित है। इसके विपरित जेएनसीयू का निमार्णाधीन भवन पक्षी विहार की परिधि में आ रहा है। उन्होंने इसे पक्षियों के लिए खतरनाक बताया।

### दो व नौ दिसंबर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के दौरान परिणय सूत्र में बंधेंगे 695 जोड़े



**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जोड़ों के सामूहिक विवाह का कार्यक्रम दो और नौ दिसंबर 2022 को आरटीआई मैदान (नवीन स्टेडियम) गोराबाजार में प्रातः आठ बजे से कार्यक्रम के समापन तक सम्पन्न होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम को समुचित ढंग से ससमय सम्पन्न कराए जाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजन समिति के सदस्यों संग बैठक राइफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य विकास अघिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त विकास खंड स्तर से कुल 695 जोड़ों का सामूहिक विवाह निर्धारित दो तिथियों दो एवं नौ दिसम्बर 2022 को सम्पन्न कराया जाएगा। इसके लिए समिति के सदस्यों को उनके कार्यो/दायित्वों का विभाजन कर निर्देशित किया गया है कि वे वैवाहिक स्थल पर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करते हुए विवाह कार्यक्रम को सम्पन्न कराएंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम में स्वागत समिति एवं अतिथियों को निमंत्रण से लेकर फूल माला, कलश स्थापना, खान-पान व्यवस्था, विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था, विवाह पंजीयन, सहायता राशि अन्तरण, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किग, विद्युत, प्रकाश, मंच संचालन एवं लोक सास्कृतिक कार्यक्रम से लेकर स्थल की साफ-सफाई के लिए लगाए गए अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्धारित तिथि के पूर्व संध्या तक अपने-अपने कार्यो को पूर्ण करने का निर्देश दिया है। वैवाहिक कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी को कार्यक्रम का प्रभारी अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी एवं मुख्य राजस्व अधिकारी को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि वैवाहिक कार्यक्रम में गठित समितियों के सदस्य सौंपे गए कार्यो एवं उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए समय-समय पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम की सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराते रहेंगे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, समिति के समस्त सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मानव संपदा उपस्थिति पोर्टल पर स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी लगाएंगे हाजिरी

# अब अस्पताल से गायब नहीं हो पाएंगे डाक्टर व कर्मचारी

- जिला पुरुष व महिला अस्पतालों के अलावा नौ सीएचसी और 16 पीएचसी को किया गया है टैग
- अब इसी एप से उपस्थिति प्रतिदिन दर्ज करानी होगी

**केटी न्यूज/बलिया**




तैनाती वाले अस्पतालों से लापता रहने वाले डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को अब कम से कम दो घंटे अस्पताल में गुजारने ही पड़ेंगे। मानव संपदा उपस्थिति पोर्टल पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों की हाजिरी दर्ज करनी शुरू कर दी गई है। इस एप में तैनाती स्थल पर पहुंचकर उपस्थिति दर्ज करानी होगी। यहीं नहीं, लोकेशन के हिसाब से दो घंटे बाद ही हाजिरी मानी जाएगी। बीच में अस्पताल छोड़ने पर लोकेशन बदलती है, तो वे अपनी ड्यूटी से गैरहाजिर हो जाएंगे। अब इसी एप से उपस्थिति प्रतिदिन दर्ज करानी होगी। जो इसमें गड़बड़ी करेगा, उसकी जानकारी जिला मुख्यालय से लेकर प्रदेश के कंट्रोल रूम तक सीधे हो जाएगी। डिप्टी सीएम ने पूरे प्रदेश में निरीक्षण के बाद गायब रहने वाले स्वास्थ्य कर्मियों पर अंकुश लगाने के लिए इसकी शुरूआत की है।

### पोर्टल पर आ रही हैं तकनीकी खामियां

जिला पुरुष अस्पताल, जिला महिला अस्पताल के अलावा नौ सीएचसी और 16 पीएचसी पर तैनात डॉक्टरों और कर्मचारियों को इसमें शामिल किया गया है। शासन ने अस्पतालों में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए मानव संपदा उपस्थिति पोर्टल एप लांच किया है। शुक्रवार से इस पोर्टल ने कार्य करना भी शुरू कर दिया है। इस ऐप को सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों के मोबाइल फोन में अपलोड करा दिया गया है और उपस्थिति लगाए जाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। लेकिन कुछ तकनीकी खामियां भी आ रही है, जिन्हें दूर करने का प्रयास जारी है। अस्पताल पहुंच कर एप से उपस्थिति दर्ज करानी होगी और करीब दो घंटे तक अस्पताल में रुकना अनिवार्य होगा, तभी पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज हो सकेगी। यहीं नहीं, यह एप तैनाती स्थल से सिर्फ 500 मीटर की दूरी तक ही काम करेगा। इसके बाद यह काम करना बंद कर देगा। ऐसे में यदि कोई चिकित्सक घर बैठे उपस्थिति दर्ज करना चाहे तो वह संभव नहीं हो सकेगा।

### एप के संबंध में मांगे गए हैं निर्देश

इस एप के लांच किए जाने के बाद सबसे ज्यादा दिक्कतें आपातकालीन ड्यूटी करने वाले चिकित्सकों और कर्मचारियों की सामने आ रही हैं क्योंकि आपातकालीन ड्यूटी करने वाले चिकित्सकों को अगले दिन अवकाश मिलता है। ऐसे में इनकी उपस्थिति कैसे दर्ज होगी, इस संबंध में शासन स्तर से निर्देश भी मांगे गए हैं। अस्पतालों में तैनात चिकित्सकों और कर्मचारियों को मानव संपदा उपस्थिति पोर्टल एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इसके लिए सभी अधीक्षकों, चिकित्सकों, कर्मचारियों से सूची मांगी गई है।

**– डॉ. जयंत कुमार, सीएमओ, बलिया**

CMYK